by strong winds even these varieties suffer lodging.

The best remedy to meet the situation seems to be varieties with short and stiff straw. This requirement is at present satisfied by the newly evolved dwarf varieties of wheat, rice, bajra and sorghum. These varieties do not lodge even with high doses of nitrogen such as 80 lbs. nitrogen per acre and over, at which the relatively tall varieties lodge completely. The dwarf varieties thus give much higher yields than tall varieties at high levels of nitrogen.

## VIOLATION OF BONUS ACT BY INDUSTRIES IN CENTRAL SPHERE

327. SHRI SHIVA CHANDRA JHA: Will the Minister of LABOUR AND REHABILITATION be pleased to state:

(a) whether it is a fact that certain industries in the Central sphere have violated the Bonus Act; and

(b) if so, the names of those industries, State-wise, and the action taken against them?

THE MINISTER OF LABOUR AND REHABILITATION (SHRI HATHI): (a) Yes, Sir.

(b) A statement showing the names of parties against whom prosecutions have been launched or are being launched for contravening the provisions of the Act, is laid on the Table of the House. [*Placed in Library. See* No. LT-1527/67].

## राजस्थान में बावनवास और लालसीट के सार्वजनिक टेलीफोन केन्द्रों के बीच लिंक लाइन

328. **श्री मीठा लाल मीना:** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि राजस्थान में बावनवास सार्वजनिक टेलीफोन केन्द्र और लालसीट सार्वजनिक टेलीफोन केन्द्र एक दूसरे से केवल 37 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है ;

(ख) क्या यह भी सच है कि बावनवास को लालसीट से टेलीफोन पर मिलाने के लिये काल गंगापुर, सवाई माधोपुर, जयपुर और दौसा के रास्ते से करनी पड़ती है जो कि 329 किलोमीटर का फासला है ;

(ग) क्या इस कठिनाई पर काबू पाने के लिये बावनवास सार्वजनिक टेलीफोन केन्द्र और लालसीट टेलीफोन केन्द्र के बीच एक लिंक लाइन बिछाने का प्रस्ताव है;

(घ) यदि हां, तो कब; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

**संसद्-कार्य विभाग तथा संचार विभाग में राज्य-मंत्री (श्री इ० कु० गुजराल)**: (क) जी, हां ।

(ख) जी, हां । गंगापुर (बावनवास सार्वजनिक टेलीफोन घर का मूल एक्सचेंज) और दौसा (लालसीट सार्वजनिक टेलीफोन घर का मूल एक्सचेंज) के बीच के काल इस समय हिंडन, सवाई माधोपुर तथा जयपुर होकर मिलाये जाते हैं । इन कालों को आगरा और जयपुर होकर मिलाने की हिदायतें जारी कर दी गई हैं, जिसके फलस्वरूप एक मध्यवर्ती पारवहन एक्सचेंज से बचा जा सके ।

(ग) जी, नहीं ।

(घ) प्रश्न ही नहीं उठता ।

(ङ) बामनवास और लालसोट सार्वजनिक टेलीफोन घरों के बीच प्रतिमाह औसतन केवल दो काल होते हैं । अतः इन दोनों स्थानों के बीच एक सीधी लाइन की व्यवस्था करना अत्यधिक अलाभकारी होगा ।

## लालसीट और बावनवास डाकघरों के बीच सीधी डाक सेवा

329. **श्री मीठा लाल मीना :** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि बावनवास डाकघर से लालसीट डाकघर (राजस्थान) तक एक पत्र को पहुंचने में 329 किलोमीटर का सफर करना पड़ता है ;

(ख) क्या यह भी सच है कि ये दोनों डाकघर एक दूसरे से केवल 37 किलोमीटर की दूरी पर स्थित हैं ;

(ग) क्या यह भी सच है कि इन दो डाकघरों के बीच डाक ले जाने के लिये यातायात सुविधाएं या अन्य सुविधाएं उपलब्ध हैं ;

(घ) क्या इन दो डाकघरों के बीच सीधी डाक सेवा आरम्भ करने का भी प्रस्ताव है; और

(ङ) यदि हां, तो कब और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

**संसद्-कार्य विभाग तथा संचार विभाग में राज्य-मंत्री (श्री ई० कु० गुजराल) :** (क) मौजूदा डाक व्यवस्था के अधीन लालसीट से बावनवास तक पहुंचने में एक पोस्टकार्ड को 429 किलोमीटर की दूरी तय करनी होती है । दूसरी ओर बावनवास से लालसीट तक पहुंचने में उसी पोस्टकार्ड को 317 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती है । ऐसा इसलिए है क्योंकि विभिन्न रेल व्यवस्थाओं का प्रयोग उनके उपलब्ध होने पर किया जाता है ।

(ख) बस मार्ग पर लालसीट और बावनवास के डाकघर 30 किलोमीटर की दूरी पर स्थित हैं ।

(ग) जी, हां ।

(घ) तथा (ङ). अभी तक परियात की मात्रा इतनी नहीं थी कि लालसीट और बावनवास के मध्य सीधी डाक सेवा चालू करने का औचित्य सिद्ध हो सके । फिर भी इस मामले में और अधिक जांच की जा रही है ।

## चकसू (राजस्थान) में टेलीफोन कनक्शन

330. **श्री मीठा लाल मीना :** क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि जयपुर, राजस्थान के चकसू खंड (डिस्ट्रिक्ट) के कई पक्षों ने नये टेलीफोन कनेक्शनों के लिए प्रार्थना-पत्र दिये हैं ;

(ख) क्या कुछ पक्षों ने मांग सूचनाओं (डिमांड नोटिस) की राशि भी जमा कर दी है ;

(ग) क्या इसके बावजूद उनको टेलीफोन कनेक्शन नहीं दिये गये हैं ;

(घ) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं, और

(ङ) यदि टेलीफोन कनेक्शन लगाये जा रहे हैं, तो वे किस समय तक कार्य करना आरम्भ करेंगे ?

**संसद्-कार्य विभाग तथा संचार विभाग में राज्य-मंत्री (श्री ई० कु० गुजराल) :** (क) चकसू में नये कनेक्शनों के लिए कुल 17 प्रार्थना-पत्र प्राप्त हुए थे जिनमें से 11 प्रार्थना-पत्र 14 अक्तूबर, 1967 को प्राप्त हुए थे ।

(ख) इन प्रार्थियों में से किसी को भी न तो मांग-पत्र की अदायगी करने के लिए कहा गया है और न ही किसी ने अदायगी की है ।

(ग) तथा (घ). उक्त (ख) के उत्तर को दृष्टि में रखते हुए प्रश्न ही नहीं उठते ।

(ङ) चकसू में 25 लाइनों के एक स्वचल टेलीफोन केन्द्र की स्थापना की मंजूरी दी जा चुकी है और इस टेलीफोन केन्द्र की स्थापना हो जाने के पश्चात् सभी प्रार्थियों को टेलीफोन कनेक्शन दे दिए जाएंगे ।

## गंगापुर सिटी तथा सवाई माधोपुर के बीच टेलीफोन सम्पर्क

331. **श्री मीठा लाल मीना :** क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि गंगापुर सिटी (पश्चिमी रेलवे) तथा सवाई माधोपुर के बीच सीधा टेलीफोन सम्पर्क नहीं है;

(ख) यदि हां, तो यह टेलीफोन सम्पर्क कब तक स्थापित किया जायेगा; और